This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

वीरवार, 30 नवम्बर, 2023 / 09 मार्गशीर्ष, 1945

हिमाचल प्रदेश सरकार

विधि विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 9 नवम्बर, 2023

संख्याः एल0एल0आर0–डी0(6)–14 / 2023–लेज.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए हिमाचल प्रदेश निरसन विधेयक, 2023

(2023 का विधेयक संख्यांक 11) को दिनांक 02–11–2023 को अनुमोदित कर दिया है तथा अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अधीन, विधेयक के अंग्रेजी पाठ को राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित करने के लिए प्राधिकृत कर दिया है। अतः उपरोक्त विधेयक को वर्ष 2023 के अधिनियम संख्यांक 11 के रूप में अंग्रेजी प्राधिकृत पाठ सहित राजपत्र (ई–गजट) हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किया जाता है।

ओदश द्वारा,

शरद कुमार लगवाल,
सचिव (विधि)।

————————

हिमाचल प्रदेश निरसन अधिनियम, 2023

धाराओं का क्रम

धाराः

1. संक्षिप्त नाम।

2. कतिपय अधिनियमितियों का निरसन।

3. व्यावृत्तियां।

अनुसूची।

————————

2023 का अधिनियम संख्यांक 11

हिमाचल प्रदेश निरसन अधिनियम, 2023

(माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा तारीख 02 नवम्बर, 2023 को यथा अनुमोदित)

कतिपय अधिनियमितियों का निरसन करने के लिए **अधिनियम** ।

भारत गणराज्य के चौहत्तरवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित होः–

1. **संक्षिप्त नाम.**––इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश निरसन अधिनियम, 2023 है।

2. **कतिपय अधिनियमितियों का निरसन**.––अनुसूची में विनिर्दिष्ट अधिनियमितियों का एतद्द्वारा निरसन किया जाता है।

3. **व्यावृत्तियां.**––इस अधिनियम द्वारा किसी भी अधिनियमिति का निरसन,–

(क) किसी अन्य अधिनियमिति, जिसमें निरसित अधिनियमिति लागू, सम्मिलित या निर्दिष्ट की गई हो, पर प्रभाव नहीं डालेगा; या

(ख) किसी भी अधिकारिता, पद, रूढ़ि, दायित्व, अधिकार, हक, विशेषाधिकार, निर्बन्धन, छूट, प्रथा, पद्धति, प्रक्रिया या अन्य विषय या बात को, जो इस समय विद्यमान या प्रवृत्त नहीं है, पुनः प्रवर्तित या प्रत्यावर्तित नहीं करेगा; या

(ग) इस प्रकार निरसित किसी अधिनियमिति के पूर्व प्रवर्तन या तद्धीन सम्यक् रूप से की गई या होने दी गई किसी बात पर प्रभाव नहीं डालेगा; या

(घ) इस प्रकार निरसित किसी अधिनियमिति के अधीन अर्जित, प्रोद्भूत या उपगत किसी अधिकार, हक, विशेषाधिकार, बाध्यता या दायित्व पर प्रभाव नहीं डालेगा; या

(ङ) इस प्रकार निरसित किसी अधिनियमिति के अधीन, उसके सम्बन्ध में किसी उपचार या कार्रवाई या किसी ऋण, शास्ति, बाध्यता, दायित्व, दावे या मांग के या से किसी निर्मोचन या उन्मोचन या पूर्व मंजूर की गई क्षतिपूर्ति या किसी पूर्व कार्य या बात के सबूत पर प्रभाव नहीं डालेगा; या

(च) विधि के किसी भी सिद्धान्त या नियम या स्थापित अधिकारिता, प्ररूप या अभिवचन, पद्धति या प्रक्रिया के अनुक्रम, या विद्यमान प्रथा, रूढ़ि, विशेषाधिकार, निर्बन्धन, छूट, पद या नियुक्ति को इस बात के होते हुए भी कि वे किसी भी प्रकार से एतद्द्वारा निरसित किसी अधिनियमिति द्वारा, उसमें या उससे, क्रमशः अभिपुष्ट या मान्य या व्युत्पन्न हुए हों, प्रभावित नहीं करेगा; या

(छ) इस प्रकार निरसित किसी अधिनियमिति के विरुद्ध किए गए किसी अपराध के सम्बन्ध में उपगत किसी शास्ति, समपहरण या दण्ड पर प्रभाव नहीं डालेगा; या

(ज) यथापूर्वोक्त किसी ऐसे अधिकार, विशेषाधिकार, बाध्यता, दायित्व, शास्ति, समपहरण या दण्ड के बारे में किसी अन्वेषण, विधिक कार्यवाही या उपचार पर प्रभाव नहीं डालेगा;

और कोई भी ऐसा अन्वेषण, विधिक कार्यवाही या उपचार संस्थित, चालू या प्रवर्तनशील रखा जा सकेगा और कोई भी ऐसी शास्ति, समपहरण या दण्ड अधिरोपित किया जा सकेगा, मानो कि यह अधिनियम पारित ही नहीं हुआ था।

अनुसूची

(धारा 2 देखें)

वर्ष	अधिनियम संख्या	संक्षिप्त नाम	निरसन का विस्तार
1	2	3	4
1882	15	प्रेसिडेन्सी लघुवाद न्यायालय अधिनियम, 1882	सम्पूर्ण
1884	12	कृषक उधार अधिनियम, 1884	सम्पूर्ण
1887	9	प्रान्तीय लघुवाद न्यायालय अधिनियम, 1887	सम्पूर्ण
		मण्डी लघु वन उपज दोहन एवं नियति अधिनियम, 1997 (विक्रमी सम्वत्) एवं 1941	सम्पूर्ण
		चम्बा लघु वन उपज दोहन एवं नियति अधिनियम, 2003 (विक्रमी सम्वत्)	सम्पूर्ण
1953	7	पंजाब तम्बाकू विक्रेता फीस निरसन अधिनियम, 1953	सम्पूर्ण
1955	6	हिमाचल प्रदेश वैयक्तिक वन अधिनियम, 1954	सम्पूर्ण
1965	17	पंजाब श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1965	सम्पूर्ण
1968	15	पंजाब वृत्ति, व्यापार, आजीविका और नियोजन कराधान (हिमाचल प्रदेश निरसन) अधिनियम, 1968	सम्पूर्ण
1984	22	हिमाचल प्रदेश वन परिरक्षण और वन पर आधारित आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम, 1984	सम्पूर्ण

2000	19	हिमाचल प्रदेश निक्षेपकों के हित का (वित्तीय स्थापना में) संरक्षण अधिनियम, 1999	सम्पूर्ण
2003	21	हिमाचल प्रदेश सह–चिकित्सीय परिषद् अधिनियम, 2003	सम्पूर्ण
2008	14	हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक अधिकरण (विनिश्चित और लम्बित मामलों तथा आवेदनों का अन्तरण) अधिनियम, 2008	सम्पूर्ण

———————

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

THE HIMACHAL PRADESH REPEALING ACT, 2023

ARRANGEMENT OF SECTIONS

Sections:

1. Short title.
2. Repeal of certain enactments.
3. Savings.
THE SCHEDULE.

———————

Act No. 11 of 2023

THE HIMACHAL PRADESH REPEALING ACT, 2023

(AS ASSENTED TO BY THE HON'BLE GOVERNOR ON 2ND NOVEMBER, 2023)

AN

ACT

to repeal certain enactments.

BE it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Seventy-fourth year of the Republic of India as follows:—

1. Short title.—This Act may be called the Himachal Pradesh Repealing Act, 2023.

2. Repeal of certain enactments.—The enactments specified in THE SCHEDULE are hereby repealed.

3. Savings.—The repeal by this Act of any enactments shall not,—

(a) affect any other enactment in which the repealed enactment has been applied, incorporated or referred to; or

(b) revive or restore any jurisdiction, office, custom, liability, right, title, privilege, restriction, exemption, usage, practice, procedure or other matter or thing not now existing or in force; or

(c) affect the previous operation of any enactments so repealed or anything duly done or suffered thereunder; or

(d) affect any right, title, privilege, obligation or liability acquired, accrued or incurred under any enactment so repealed; or

(e) affect any remedy or proceeding in respect thereof, or any release or discharge of, or from any debt, penalty, obligation, liability, claim, or demand, or any indemnity already granted, or the proof of any past act or thing under any enactment so repealed; or

(f) affect any principle or rule of law, or established jurisdiction, form or course of pleading, practice or procedure, or existing usage, custom, privilege, restriction, exemption, office or appointment, notwithstanding that the same respectively, may have been in any manner affirmed or recognized or derived by, in or from any enactment hereby repealed; or

(g) affect any penalty, forfeiture or punishment incurred in respect of any offence committed against any enactment so repealed; or

(h) affect any investigation, legal proceeding or remedy in respect of any such right, privilege, obligation, liability, penalty, forfeiture or punishment, as aforesaid;

and any such investigation, legal proceeding or remedy may be instituted, continued or enforced, and any such penalty, forfeiture or punishment may be imposed as if this Act had not been passed.

THE SCHEDULE
(*see* Section 2)

Year	Act Number	Short Title	Extent of Repeal
1	2	3	4
1882	15	The Presidency Small Cause Courts Act, 1882	The Whole
1884	12	The Agriculturists Loans Act, 1884	The Whole
1887	9	The Provincial Small Cause Courts Act, 1887.	The Whole
-	-	The Mandi Minor Forest Produce Exploitation and Export Act, 1997 (Vikrami Samvat) and 1941.	The Whole
-	-	The Chamba Minor Forest Produce Exploitation and Export Act, 2003 (Vikrami Samvat).	The Whole
1953	7	The Punjab Tobacco Vend Fees (Repealing) Act, 1953.	The Whole
1955	6	The Himachal Pradesh Private Forest Act, 1954.	The Whole
1965	17	The Punjab Labour Welfare Fund Act, 1965.	The Whole

1968	15	The Punjab Professions, Trades, Callings and Employment Taxation (Himachal Pradesh Repealing) Act, 1968.	The Whole
1984	22	The Himachal Pradesh Preservation of Forests and Maintenance of Supplies of Forest Based Essential Commodities Act, 1984.	The Whole
2000	19	The Himachal Pradesh Protection of Interest of Depositors (In Financial Establishment) Act, 1999.	The Whole
2003	21	The Himachal Pradesh Paramedical Council Act, 2003.	The Whole
2008	14	The Himachal Pradesh Administrative Tribunal (Transfer of Decided and Pending Cases and Applications) Act, 2008.	The Whole

---

विधि विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 18 नवम्बर, 2023

संख्याः एल0एल0आर0–डी0(6)–17 / 2023–लेज.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए हिमाचल प्रदेश माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023 (2023 का विधेयक संख्यांक 16) को दिनांक 14–11–2023 को अनुमोदित कर दिया है तथा अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अधीन, विधेयक के अंग्रेजी पाठ को राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित करने के लिए प्राधिकृत कर दिया है। अतः उपरोक्त विधेयक को वर्ष 2023 के अधिनियम संख्यांक 12 के रूप में अंग्रेजी प्राधिकृत पाठ सहित राजपत्र (ई–गजट) हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किया जाता है।

ओदश द्वारा,

शरद कुमार लगवाल,
सचिव (विधि)।

हिमाचल प्रदेश माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2023

धाराओं का क्रम

धाराः

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ।
2. धारा 2 का संशोधन।
3. धारा 10 का संशोधन।
4. धारा 16 का संशोधन।
5. धारा 17 का संशोधन।
6. धारा 23 का संशोधन।
7. धारा 24 का संशोधन।

8. धारा 30 का संशोधन।
9. धारा 37 का संशोधन।
10. धारा 39 का संशोधन।
11. धारा 44 का संशोधन।
12. धारा 52 का संशोधन।
13. धारा 54 का संशोधन।
14. धारा 56 का संशोधन।
15. धारा 62 का संशोधन।
16. धारा 109 का प्रतिस्थापन।
17. धारा 110 और 114 का लोप।
18. धारा 117 का संशोधन।
19. धारा 118 का संशोधन।
20. धारा 119 का संशोधन।
21. धारा 122 का संशोधन।
22. धारा 132 का संशोधन।
23. धारा 138 का संशोधन।
24. धारा 158क का अंतःस्थापन।
25. अनुसूची 3 का संशोधन।
26. अनुसूची 3 में कतिपय क्रियाकलापों और संव्यवहारों के लिए भूतलक्षी छूट।
27. अस्थायी उपबन्ध।

————————

2023 का अधिनियम संख्यांक 12

हिमाचल प्रदेश माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2023

(माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा तारीख 14 नवम्बर, 2023 को यथा अनुमोदित)

हिमाचल प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम संख्यांक 10) का और संशोधन करने के लिए **अधिनियम।**

भारत गणराज्य के चौहत्तरवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित होः–

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.––(1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2023 है।

(2) इस अधिनियम में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, इस अधिनियम के उपबन्ध ऐसी तारीख को प्रवृत्त होंगे, जो सरकार राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में अधिसूचना द्वारा नियत करे।

2. धारा 2 का संशोधन.––हिमाचल प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'मूल अधिनियम' कहा गया है) की धारा 2 में,–

(क) खंड (80) के पश्चात् निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :–

''(80क.) ''ऑनलाइन गेम खेलना'' से इंटरनेट या इलैक्ट्रॉनिक नेटवर्क पर गेम की प्रस्थापना अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत ऑनलाइन धनीय गेम खेलना भी है;

(80ख.) ''ऑनलाइन धनीय गेम खेलना'' से ऐसा ऑनलाइन गेम खेलना अभिप्रेत है, जिसमें खिलाड़ी किसी आयोजन में, जिसमें गेम, स्कीम, प्रतिस्पर्धा या कोई अन्य क्रियाकलाप या प्रक्रिया भी है, धन या धन के मूल्य, जिसके अंतर्गत आभासी डिजिटल ऑस्तियां भी हैं, को जीतने की प्रत्याशा में, धन या धन के मूल्य का संदाय या जमा करता है, जिसके अंतर्गत आभासी डिजिटल ऑस्तियां भी हैं, चाहे इसका परिणाम या निष्पादन कौशल, अवसर या दोनों पर आधारित हो या नहीं, तथा चाहे वह तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन अनुज्ञेय हो या नहीं;

(ख) खंड (102) के पश्चात्, निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''(102क.) ''विनिर्दिष्ट अनुयोज्य दावे'' से,–

(i) दाव लगाने; या
(ii) कैसिनो; या
(iii) द्यूतक्रीड़ा; या
(iv) घुड़दौड़; या
(v) लॉटरी; या
(vi) ऑनलाइन धनीय गेम खेलना;

में अंतर्वलित या उनके माध्यम से अनुयोज्य दावा अभिप्रेत है;'';

(ग) खंड (105) में, निम्नलिखित परंतुक अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''परंतु कोई व्यक्ति, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, विनिर्दिष्ट अनुयोज्य दावों की पूर्ति की व्यवस्था या ठहराव करता है, जिसके अंतर्गत वह व्यक्ति भी है, जो ऐसी पूर्ति के लिए डिजिटल या इलैक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म का स्वामी है या उसका प्रचालन या प्रबंधन करता है, ऐसे अनुयोज्य दावों का पूर्तिकार समझा जाएगा, चाहे ऐसे अनुयोज्य दावे, उसके द्वारा या उसके माध्यम से पूर्ति किए जाते हों और चाहे ये अनुयोज्य दावों की पूर्ति के लिए धन या धन के मूल्य, जिसके अंतर्गत आभासी डिजिटल आस्तियां भी हैं, में प्रतिफल, उसको या उसके माध्यम से संदत्त या सूचित किए जाते हैं या किसी भी रीति में उसको दिए जाते हैं, और इस अधिनियम के सभी उपबंध विनिर्दिष्ट अनुयोज्य दावों के ऐसे पूर्तिकार को लागू होंगे, मानो वह ऐसे अनुयोज्य दावों की पूर्ति करने के संबंध में कर का संदाय करने के लिए दायी पूर्तिकार हो; '; और

(घ) खंड (117) के पश्चात् निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''(117क.) ''आभासी डिजिटल आस्ति'' का वही अर्थ होगा, जो आय–कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खंड (47क.) में उसको समुनदेशित है;'';

3. धारा 10 का संशोधन.––मूल अधिनियम, की धारा 10 में, –

(क) उप–धारा (2) के खण्ड (घ) में, ''माल या'' शब्दों का लोप किया जाएगा; और

(ख) उप–धारा 2(क) के खण्ड (ग) में, ''माल या'' शब्दों का लोप किया जाएगा;

4. धारा 16 का संशोधन.––मूल अधिनियम, की धारा 16 की उप–धारा (2) में,–

(i) दूसरे परंतुक में, ''उस पर ब्याज सहित, ऐसी रीति में, जो विहित की जाए, उसके आऊटपुट पर दायित्व में जोड़ दिया जाएगा'' शब्दों और चिन्हों के स्थान पर, "धारा 50 के

अधीन संदेय ब्याज के साथ, ऐसी रीति में, जो विहित की जाए, उसके द्वारा संदत्त किया जाएगा'' शब्द, अंक और चिन्ह रखे जाएंगे; और

(ii) तीसरे परन्तुक में, ''उसके द्वारा'' शब्दों के पश्चात् ''आपूर्तिकर्ता को'' शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे।

5. **धारा 17 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 17 में,–

(क) उप–धारा (3) के स्पष्टीकरण में, ''उक्त अनुसूची के पैरा 5 में विनिर्दिष्ट से अन्यथा अनुसूची 3 में विनिर्दिष्ट कार्यकलापों या संव्यवहारों का मूल्य सम्मिलित नहीं होगा।'' शब्दों, अंक और चिन्ह के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :–

''निम्नलिखित के सिवाय अनुसूची 3 में विनिर्दिष्ट कार्यकलापों या संव्यवहारों का मूल्य सम्मिलित नहीं होगा,–

(i) उक्त अनुसूची के पैरा 5 में विनिर्दिष्ट कार्यकलापों या संव्यवहारों का मूल्य; और

(ii) उक्त अनुसूची के पैरा 8 के खंड (क) के संबंध में ऐसे कार्यकलापों या संव्यवहारों का मूल्य, जो विहित किए जाएं''; और

(ख) उप–धारा (5) के खंड (च) के पश्चात्, निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"(च क) कराधेय व्यक्ति द्वारा प्राप्त किए गए माल या सेवाओं या दोनों जिनका कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 135 में निर्दिष्ट निगम सामाजिक उत्तरदायित्व के अधीन उसकी बाध्यताओं में संबंधित कार्यकलापों के लिए उपयोग किया जाता है या उपयोग किए जाने के लिए आशयित है;"।

6. **धारा 23 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 23 की उप–धारा (2) के स्थान पर निम्नलिखित धारा रखी जाएगी और 1 जुलाई, 2017 से रखी गई समझी जाएगी, अर्थात्:–

"(2) धारा 22 की उप–धारा (1) या धारा 24 में अंतर्विष्ट किसी बात के प्रतिकूल होते हुए भी, सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, अधिसूचना द्वारा, ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन, जो इसमें विनिर्दिष्ट की जाएं, ऐसे व्यक्तियों का प्रवर्ग, जिन्हें इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकरण अभिप्राप्त करने से छूट दी जा सकेगी, विनिर्दिष्ट कर सकेगी।"।

7. **धारा 24 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 24 में; –

(क) खंड (xi) के अन्त में, ''और'' शब्द का लोप किया जाएगा;

(ख) खंड (xi) के पश्चात्, निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''(xiक) भारत से बाहर किसी स्थान से, भारत में किसी व्यक्ति को ऑनलाइन धनीय गेम खेलने की पूर्ति करने वाला प्रत्येक व्यक्ति; और''।

8. **धारा 30 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 30 की उप–धारा (1) में; –

(क) "रद्दकरण आदेश की तामील की तारीख से तीस दिन के भीतर ऐसे अधिकारी को विहित रीति से रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण के प्रतिसंहरण के लिए आवेदन कर सकेगा" शब्दों के स्थान पर "ऐसे अधिकारी को ऐसी रीति, ऐसे समय के भीतर तथा ऐसी शर्तों और निर्बंधनों

के अध्यधीन, जैसी विहित की जाएं, रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण के प्रतिसंहरण के लिए आवेदन कर सकेगा।" शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे; और

(ख) परन्तुक का लोप किया जाएगा।

9. धारा 37 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 37 की उप–धारा (4) के पश्चात्, निम्नलिखित उप–धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:–

''(5) किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति को उक्त ब्यौरे प्रस्तुत करने की नियत तारीख से तीन वर्ष के अवसान के पश्चात्, कर अवधि के लिए उप–धारा (1) के अधीन जावक पूर्तियों के ब्यौरे प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगाः

परंतु सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, अधिसूचना द्वारा, ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अधीन रहते हुए, जो उस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए, किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति या रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के वर्ग को उप–धारा (1) के अधीन कर अवधि के लिए जावक पूर्तियों के ब्यौरे प्रस्तुत करने के लिए उक्त ब्यौरों को प्रस्तुत करने की नियत तारीख से तीन वर्ष के अवसान के पश्चात् भी अनुज्ञात कर सकेगी।''।

10. धारा 39 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 39 की उप–धारा (10) के पश्चात्, निम्नलिखित उप–धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:–

"(11) किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति को, किसी कर अवधि के लिए विवरणी प्रस्तुत करने की नियत तारीख से तीन वर्ष के अवसान के पश्चात्, उक्त विवरणी प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगाः

परंतु सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, अधिसूचना द्वारा, ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अधीन रहते हुए, जो उस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए, किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति या रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के वर्ग को, कर अवधि के लिए विवरणी प्रस्तुत करने के लिए, उक्त विवरणी को प्रस्तुत करने की नियत तारीख से तीन वर्ष के अवसान के पश्चात् भी अनुज्ञात कर सकेगी।''।

11. धारा 44 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 44 को उसकी उप–धारा (1) के रूप में पुनःसंख्यांकित किया जाएगा और इस प्रकार पुनःसंख्यांकित उप–धारा (1) के पश्चात्, निम्नलिखित उप–धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:–

"(2) किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति को, उप–धारा (1) के अधीन किसी वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक विवरणी प्रस्तुत करने की नियत तारीख से तीन वर्ष के अवसान के पश्चात्, वार्षिक विवरणी प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा :

परंतु सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, अधिसूचना द्वारा, ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अधीन रहते हुए, जो उस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए, किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति या रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के वर्ग को, उप–धारा (1) के अधीन वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक विवरणी प्रस्तुत करने के लिए उक्त वार्षिक विवरणी को प्रस्तुत करने की नियत तारीख से तीन वर्ष के अवसान के पश्चात् भी अनुज्ञात कर सकेगी।''।

12. धारा 52 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 52 की उप–धारा (14) के पश्चात्, निम्नलिखित उप–धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:–

"(15) किसी प्रचालक को, उप–धारा (4) के अधीन विवरण प्रस्तुत करने की नियत तारीख से तीन वर्ष की अवधि के अवसान के पश्चात्, उक्त विवरण प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगाः

परंतु सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, अधिसूचना द्वारा, ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अधीन रहते हुए, जो उस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए, किसी प्रचालक या प्रचालकों के वर्ग को, उप–धारा (4) के अधीन उक्त विवरण प्रस्तुत करने के लिए नियत तारीख से उक्त तीन वर्ष की अवधि के अवसान के पश्चात् भी अनुज्ञात कर सकेगी।''।

13. धारा 54 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 54 की उप–धारा (6) में, ''जिसके अंतर्गत अंतिमतः स्वीकृत इनपुट कर प्रत्यय की रकम नहीं हैं,'' शब्दों और चिन्ह का लोप किया जाएगा।

14. धारा 56 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 56 में, ''आवेदन की प्राप्ति की तारीख से साठ दिन के अवसान के ठीक पश्चात् की तारीख से ऐसे कर का प्रतिदाय करने की तारीख तक'' शब्दों के स्थान पर, ''ऐसी शर्तों तथा निर्बंधनों के अधीन रहते हुए, जो विहित की जाए, तथा ऐसी रीति में संगणित किए जाने वाले, ऐसे आवेदन की प्राप्ति की तारीख से ऐसे कर के प्रतिदाय की तारीख तक, साठ दिन से परे विलंब की ऐसी अवधि के लिए'' शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे।

15. धारा 62 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 62 की उप–धारा (2) में,–

(क) "तीस दिन" शब्दों के स्थान पर "साठ दिन" शब्द रखे जाएंगे; और

(ख) "।" चिन्ह के स्थान पर ":" चिन्ह रखा जाएगा, और तत्पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

"परन्तु यदि रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति उप–धारा (1) के अधीन निर्धारण आदेश की तामील से साठ दिन के भीतर विधिमान्य विवरणी प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो वह उक्त निर्धारण आदेश की तामील से साठ दिन के परे विलम्ब के प्रत्येक दिन के लिए एक सौ रुपए की अतिरिक्त विलंब फीस के संदाय पर साठ दिन की और अवधि के भीतर इसे प्रस्तुत कर सकेगा और यदि वह ऐसी विस्तारित अवधि के भीतर विधिमान्य विवरणी प्रस्तुत करता है तो उक्त निर्धारण आदेश वापस ले लिया गया समझा जाएगा, किन्तु धारा 50 की उप–धारा (1) के अधीन ब्याज का संदाय करने या धारा 47 के अधीन विलंब फीस संदाय करने का दायित्व जारी रहेगा।"।

16. धारा 109 का प्रतिस्थापन.––मूल अधिनियम की धारा 109 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:–

"109, अपील अधिकरण का गठन और उसकी न्यायपीठ.–इस अध्याय के उपबन्धों के अध्यधीन, केन्द्रीय माल और सेवा कर, 2017 (2017 का 12) के अधीन गठित माल और सेवा कर अधिकरण, इस अधिनियम के अधीन अपील प्राधिकरण या पुनरीक्षण प्राधिकरण द्वारा पारित ओदशों के विरुद्ध अपीलों की सुनवाई करने के लिए अपील अधिकरण होगा।"

17. धारा 110 और धारा 114 का लोप.––मूल अधिनियम की धारा 110 और 114 का लोप किया जाएगा।

18. धारा 117 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 117 की उप–धारा (1) और (5) में "राज्य न्यायपीठ या क्षेत्रीय न्यायपीठ" शब्द जहां–जहां आते हैं, के स्थान पर "राज्य न्यायपीठ" शब्द रखे जाएंगे।

19. धारा 118 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 118 की उप–धारा में (1) के खण्ड (क) में "राष्ट्रीय न्यायपीठ या प्रांतीय न्यायपीठ" शब्दों के स्थान पर "मूल न्यायपीठ" शब्द रखे जाएंगे।

20. धारा 119 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 119 में,–

(क) "राष्ट्रीय न्यायपीठ या प्रांतीय न्यायपीठ" शब्दों के स्थान पर "मूल न्यायपीठ" शब्द रखे जाएंगे;

(ख) "राज्य न्यायपीठ या क्षेत्रीय न्यायपीठ" शब्दों के स्थान पर "राज्य न्यायपीठ" शब्द रखे जाएंगे।

21. धारा 122 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 122 में, उप–धारा (1 क) के पश्चात्, निम्नलिखित उप–धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:––

(1ख) कोई इलेक्ट्रॉनिक वाणिज्य प्रचालक, जो––

(i) इस अधिनियम के अधीन जारी अधिसूचना द्वारा रजिस्ट्रीकरण से छूट प्राप्त व्यक्ति से भिन्न किसी अरजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा इसके माध्यम से माल या सेवाओं या दोनों की पूर्ति ऐसी पूर्ति करने के लिए अनुज्ञात करता है;

(ii) इसके माध्यम से किसी व्यक्ति द्वारा माल या सेवाओं या दोनों की अंतर्राज्यिक पूर्ति अनुज्ञात करता है, जो ऐसी अंतर्राज्यिक पूर्ति करने के लिए पात्र नहीं है; या

(iii) इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्राप्त करने से छूट प्राप्त व्यक्ति द्वारा इसके माध्यम से की गई माल की किसी जावक पूर्ति के धारा 52 की उप–धारा (4) के अधीन प्रस्तुत किए जाने वाले विवरण में सही ब्यौरे प्रस्तुत करने में असफल रहता है, धारा 10 के अधीन कर संदाय करने वाले व्यक्ति से भिन्न, यदि ऐसी पूर्ति किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा की गई होती, तो दस हजार रुपए का अंतर्वलित कर की रकम के समतुल्य रकम की शास्ति का संदाय करने का दायी होगा, जो भी उच्चतर हो।"।

22. धारा 132 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 132 की उप–धारा (1) में,–

(क) खण्ड (छ), खण्ड (ञ) और खण्ड (ट) का लोप किया जाएगा;

(ख) खण्ड (ठ) में,–

(i) "खण्ड (क) से खण्ड (ट)" शब्दों, कोष्ठक, चिन्हों और अक्षरों के स्थान पर "खण्ड (क) से खण्ड (च) और खण्ड (ज) से खण्ड (झ)" शब्द, कोष्ठक, चिन्ह और अक्षर रखे जाएंगे;

(ii) खण्ड (iii) में, "ऐसे किसी अन्य अपराध" शब्दों के स्थान पर, "खण्ड (ख) में विनिर्दिष्ट किसी अपराध" शब्द, चिन्ह, कोष्ठक और अक्षर रखे जाएंगे;

(iii) खण्ड (iv) में, "या खंड (छ) या खंड (ज)" शब्दों, चिन्हों, कोष्ठकों और अक्षरों का लोप किया जाएगा।

23. धारा 138 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 138 में,–

(क) उप–धारा (1) के पहले परंतुक में,–

(i) खण्ड (क) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रखा जाएगा, अर्थात् :–

"(क) किसी व्यक्ति, जिसे धारा 132 की उप–धारा (1) के खंड (क) से खंड (च), खंड (ज), खंड (झ) तथा खंड (ठ) में विनिर्दिष्ट अपराधों में से किन्हीं के संबंध में शमन के लिए एक बार अनुज्ञात किया गया है;";

(ii) खंड (ख) का लोप किया जाएगा ;

(iii) खंड (ग) के स्थान पर, निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :–

''(ग) कोई व्यक्ति, जो धारा 132 की उप–धारा (1) के खंड (ख) के अधीन कोई अपराध करने का अभियुक्त रहा है;";

(iv) खड (ङ) का लोप किया जाएगा; और

(ख) उप–धारा (2) में ''न्यूनतम रकम दस हजार रुपए या अंतर्वलित करके पचास प्रतिशत, इनमें से जो भी अधिक हो, से कम नहीं होने और अधिकतम रकम तीस हजार रुपए या कर के एक सौ पचास प्रतिशत, इनमें से जो भी अधिक हो,'' शब्दों के स्थान पर "अंतर्वलित करके पच्चीस प्रतिशत और अधिकतम रकम अंतर्वलित करके सौ प्रतिशत से अनधिक'' शब्द रखे जाएंगे।

24. धारा 158क का अंतःस्थापन.––मूल अधिनियम की धारा 158 के पश्चात्, निम्नलिखित धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:–

''158क. कराधेय व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना को सम्मति के आधार पर साझा करना.–(1) धारा 133, धारा 152 और धारा 158 में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित ब्यौरों को, उप–धारा (2) के उपबंधों के अधीन रहते हुए, सरकार द्वारा, परिषद् की सिफारिशों पर, ऐसी रीति में और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो विहित की जाएं, ऐसी अन्य प्रणालियों के साथ, अधिसूचित सामान्य पोर्टल द्वारा साझा किया जा सकेगा, अर्थात् :–

(क) धारा 25 के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन में प्रस्तुत विशिष्टियां या धारा 39 या धारा 44 के अधीन फाइल की गई विवरणी में प्रस्तुत किए गए ब्यौरे;

(ख) बीजक के सृजन के लिए सामान्य पोर्टल पर अपलोड की गई विशिष्टियां, धारा 37 के अधीन प्रस्तुत जावक पूर्तियों के ब्यौरे और धारा 68 के अधीन दस्तावेजों के सृजन के लिए सामान्य पोर्टल पर अपलोड की गई विशिष्टियां;

(ग) ऐसे अन्य ब्यौरे, जो विहित किए जाएं।

(2) उप–धारा (1) के अधीन ब्यौरों को साझा करने के प्रयोजनों के लिए,–

(क) उप–धारा (1) के खण्ड (क), (ख) और खण्ड (ग) के अधीन प्रस्तुत ब्यौरों के सम्बंध में पूर्तिकर्ता की सहमति; और

(ख) उप–धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन और उप–धारा (1) के खण्ड (ग) के अधीन प्रस्तुत ब्यौरों के सम्बंध में प्राप्तिकर्ता की सहमति केवल जहां ऐसे ब्यौरों के अंतर्गत प्राप्तिकर्ता की पहचान सम्बंधी जानकारी भी है, ऐसे प्ररूप और रीति में अभिप्राप्त की जाएगी, जो विहित की जाए।

(3) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, इस धारा के अधीन साझा की गई जानकारी के पारिणामिक उद्भूत होने वाली किसी दायित्व के सम्बंध में सरकार या सामान्य पोर्टल के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी तथा सुसंगत पूर्ति पर या सुसंगत विवरणी के अनुसार कर संदाय करने के दायित्व पर कोई प्रभाव नहीं होगा।''।

25. अनुसूची 3 का संशोधन.––मूल अधिनियम की अनुसूची 3 के पैरा 6 में, ''लाटरी, दाव और जुआ'' शब्दों के स्थान पर, ''विनिर्दिष्ट अनुयोज्य दावों'' शब्द रखे जाएंगे।

26. अनुसूची 3 में कतिपय क्रियाकलापों और संव्यवहारों के लिए भूतलक्षी छूट.––(1) मूल अधिनियम की अनुसूची 3 के पैरा 7 और पैरा 8 और उसके स्पष्टीकरण 2 (2019 के अधिनियम संख्या 1 की धारा 31 द्वारा यथा अंतःस्थापित) को 1 जुलाई, 2017 से अंतःस्थापित किया गया समझा जाएगा।

(2) ऐसे सभी कर का कोई प्रतिदाय नहीं किया जाएगा, जिसे संगृहीत किया गया है किंतु जिसे संगृहीत नहीं किया गया होता यदि उप–धारा (1) सभी तात्विक समयों पर प्रवृत्त हुई होती।

27. अस्थायी उपबन्ध.––इस अधिनियम के अधीन किए गए संशोधन, दाव लगाने, कैसिनो, द्यूतक्रीड़ा, घुड़दौड़, लाटरी या ऑनलाइन गेम खेलने को प्रतिषिद्ध, निर्बंधित या विनियमित करने का उपबंध करने वाली तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेंगे।

––––––––––

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

THE HIMACHAL PRADESH GOODS AND SERVICES TAX (2nd AMENDMENT) ACT, 2023

ARRANGEMENT OF SECTIONS

Sections:

1. Short title and commencement.
2. Amendment of section 2.
3. Amendment of section 10.
4. Amendment of section 16.
5. Amendment of section 17.
6. Amendment of section 23.
7. Amendment of section 24.
8. Amendment of section 30.
9. Amendment of section 37.
10. Amendment of section 39.
11. Amendment of section 44.
12. Amendment of section 52.
13. Amendment of section 54.
14. Amendment of section 56.
15. Amendment of section 62.
16. Substitution of section 109.
17. Omission of sections 110 and 114.
18. Amendment of section 117.
19. Amendment of section 118.
20. Amendment of section 119.
21. Amendment of section 122.
22. Amendment of section 132.
23. Amendment of section 138.
24. Insertion of section 158A.
25. Amendment of Schedule-III.
26. Retrospective exemption to certain activities and transactions in Schedule-III.
27. Transitory provision.

Act No. 12 of 2023

THE HIMACHAL PRADESH GOODS AND SERVICES TAX (2nd AMENDMENT) ACT, 2023

(AS ASSENTED TO BY THE HON'BLE GOVERNOR ON 14TH NOVEMBER, 2023)

AN

ACT

further to amend the Himachal Pradesh Goods and Services Tax Act, 2017 (Act No. 10 of 2017).

BE it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Seventy-fourth Year of the Republic of India as follows:—

1. Short title and commencement.—(1) This Act may be called the Himachal Pradesh Goods and Services Tax (2nd Amendment) Act, 2023.

(2) Save as otherwise provided, the provisions of this Act shall come into force on such date as the Government may, by notification, in the Rajpatra (e-Gazette) Himachal Pradesh, appoint.

2. Amendment of section 2.—In section 2 of the Himachal Pradesh and Services Tax Act, 2017 (hereinafter referred to as the "principal Act") ,—

(a) after clause (80), the following clauses shall be inserted, namely:—

"(80A) "online gaming" means offering of a game on the internet or an electronic network and includes online money gaming;

(80B) "online money gaming" means online gaming in which players pay or deposit money or money's worth, including virtual digital assets, in the expectation of winning money or money's worth, including virtual digital assets, in any event including game, scheme, competition or any other activity or process, whether or not its outcome or performance is based on skill, chance or both and whether the same is permissible or otherwise under any law for the time being in force;";

(b) after clause (102), the following clause shall be inserted, namely:—

"(102A) "specified actionable claim" means actionable claim involved in or by way of;

(i) betting; or

(ii) casinos; or

(iii) gambling; or

(iv) horse racing; or

(v) lottery; or

(vi) online money gaming;";

(c) in clause (105), the following proviso shall be inserted at the end, namely:—

"Provided that a person who organises or arranges, directly or indirectly, supply of specified actionable claims, including a person who owns, operates or manages digital or electronic platform for such supply, shall be deemed to be a supplier of such actionable claims, whether such actionable claims are supplied by him or through him and whether consideration in money or money's worth, including virtual digital assets, for supply of such actionable claims is paid or conveyed to him or through him or placed at his disposal in any manner, and all the provisions of this act shall apply to such supplier of specified actionable claims, as if he is the supplier liable to pay the tax in relation to the supply of such actionable claims;"; and

(d) after clause (117), the following clause shall be inserted, namely:—

"(117A) "virtual digital asset" shall have the same meaning as assigned to it in clause (47A) of section 2 of the Income Tax Act, 1961(43 of 1961);".

3. Amendment of section 10.—In the principal Act, in section 10, —

(a) in sub-section (2), in clause (d), the words "goods or" shall be omitted; and

(b) in sub-section (2A), in clause (c), the words "goods or" shall be omitted.

4. Amendment of section 16.—In section 16 of the principal Act, in sub-section (2), —

(i) in the second proviso, for the words and sign "added to his output tax liability, along with interest thereon", the words and figures "paid by him along with interest payable under section 50" shall be substituted; and

(ii) in the third proviso, after the words "made by him", the words "to the supplier" shall be inserted.

5. Amendment of section 17.—In section 17 of the principal Act, —

(a) in sub-section (3), in the Explanation, for the words and figure "except those specified in paragraph 5 of the said Schedule", the following shall be substituted, namely:—

"except, —

(i) the value of activities or transactions specified in paragraph 5 of the said Schedule; and

(ii) the value of such activities or transactions as may be prescribed in respect of clause (a) of paragraph 8 of the said Schedule."; and

(b) in sub-section (5), after clause (f), the following clause shall be inserted, namely:—

"(fa) goods or services or both received by a taxable person, which are used or intended to be used for activities relating to his obligations under corporate social responsibility referred to in section 135 of the Companies Act, 2013 (18 of 2023);".

6. Amendment of section 23.—In section 23 of the principal Act, for sub-section (2), the following sub-section shall be substituted and shall be deemed to have been substituted with effect from the 1st day of July, 2017, namely:—

"(2) Notwithstanding anything to the contrary contained in sub-section (1) of section 22 or section 24, the Government may, on the recommendations of the Council, by notification, subject to such conditions and restrictions as may be specified therein, specify the category of persons who may be exempted from obtaining registration under this Act.".

7. Amendment of section 24.—In section 24 of the principal Act,—

(a) in clause (xi), the word "and" occurring at the end, shall be omitted; and

(b) after clause (xi), the following clause shall be inserted, namely:—

"(xia) every person supplying online money gaming from a place outside India to a person in India; and".

8. Amendment of section 30.—In section 30 of the principal Act, in sub-section (1),—

(a) for the words "the prescribed manner within thirty days from the date of service of the cancellation order:", the words "such manner, within such time and subject to such conditions and restrictions, as may be prescribed." shall be substituted; and

(b) the proviso shall be omitted.

9. Amendment of section 37.—In section 37 of the principal Act, after sub-section (4), the following sub-section shall be inserted, namely: —

"(5) A registered person shall not be allowed to furnish the details of outward supplies under sub-section (1) for a tax period after the expiry of a period of three years from the due date of furnishing the said details:

Provided that the Government may, on the recommendations of the Council, by notification, subject to such conditions and restrictions as may be specified therein, allow a registered person or a class of registered persons to furnish the details of outward supplies for a tax period under sub-section (1), even after the expiry of the said period of three years from the due date of furnishing the said details.".

10. Amendment of section 39.—In section 39 of the principal Act, after sub-section (10), the following sub-section shall be inserted, namely: —

"(11) A registered person shall not be allowed to furnish a return for a tax period after the expiry of a period of three years from the due date of furnishing the said return:

Provided that the Government may, on the recommendations of the Council, by notification, subject to such conditions and restrictions as may be specified therein, allow a registered person or a class of registered persons to furnish the return for a tax period, even after the expiry of the said period of three years from the due date of furnishing the said return.".

11. Amendment of section 44.—Section 44 of the principal Act, shall be renumbered as sub-section (1) thereof, and after sub-section (1) as so renumbered, the following sub-section shall be inserted, namely:—

"(2) A registered person shall not be allowed to furnish an annual return under sub-section (1) for a financial year after the expiry of a period of three years from the due date of furnishing the said annual return:

Provided that the Government may, on the recommendations of the Council, by notification, and subject to such conditions and restrictions as may be specified therein, allow a registered person or a class of registered persons to furnish an annual return for a financial year under sub-section (1), even after the expiry of the said period of three years from the due date of furnishing the said annual return.".

12. Amendment of section 52.—In section 52 of the principal Act, after sub-section (14), the following sub-section shall be inserted, namely:—

"(15) The operator shall not be allowed to furnish a statement under sub-section (4) after the expiry of a period of three years from the due date of furnishing the said statement:

Provided that the Government may, on the recommendations of the Council, by notification, subject to such conditions and restrictions as may be specified therein, allow an operator or a class of operators to furnish a statement under sub-section (4), even after the expiry of the said period of three years from the due date of furnishing the said statement.".

13. Amendment of section 54.—In section 54 of the principal Act, in sub-section (6), the words and sign "excluding the amount of input tax credit provisionally accepted," shall be omitted.

14. Amendment of section 56.—In section 56 of the principal Act, for the words "from the date immediately after the expiry of sixty days from the date of receipt of application under the said sub-section till the date of refund of such tax", the words and sign "for the period of delay beyond sixty days from the date of receipt of such application till the date of refund of such tax, to be computed in such manner and subject to such conditions and restrictions as may be prescribed" shall be substituted.

15. Amendment of section 62.—In section 62 of the principal Act, in sub-section (2),—

(a) for the words "thirty days", the words "sixty days" shall be substituted; and

(b) for the sign ".", the sign ":" shall be substituted and thereafter the following proviso shall be inserted, namely:—

"Provided that where the registered person fails to furnish a valid return within sixty days of the service of the assessment order under sub-section (1), he may furnish the same within a further period of sixty days on payment of an additional late fee of one hundred rupees for each day of delay beyond sixty days of the service of the said assessment order and in case he furnishes valid return within such extended period, the said assessment order shall be deemed to have been withdrawn, but the liability to pay interest under sub-section (1) of section 50 or to pay late fee under section 47 shall continue.".

16. Substitution of section 109.—In the principal Act, for section 109 the following shall be substituted, namely, —

"109. Constitution of Appellate Tribunal and Benches thereof.—Subject to the provisions of this Chapter, the Goods and Services Tax Tribunal constituted under the Central Goods and Services Tax Act, 2017 (12 of 2017) shall be the Appellate Tribunal for hearing appeals against the orders passed by the Appellate Authority or the Revisional Authority under this Act.".

17. Ommission of section 110 and 114.—Sections 110 and 114 of the principal Act, shall be omitted.

18. **Amendment of section 117.—**In section 117 of the principal Act, in sub-sections (1) and (5) for the words "State Bench or Area Benches" wherever occurring, the words "State Benches" shall be substituted.

19. Amendment of section 118.—In section 118 of the principal Act, in sub-section (1), in clause (a), for the words "National Bench or Regional Benches", the words "Principal Bench" shall be substituted.

20. Amendment of section 119.—In section 119 of the principal Act,—

(a) for the words "National or Regional Benches", the words "Principal Bench" shall be substituted;

(b) for the words "State Bench or Area Benches", the words "State Benches" shall be substituted.

21. **Amendment of section 122.—**In section 122 of the of the principal Act, after sub-section (1A), the following sub-section shall be inserted, namely:—

"(1B) Any electronic commerce operator who—

(i) allows a supply of goods or services or both through it by an unregistered person other than a person exempted from registration by a notification issued under this Act to make such supply;

(ii) allows an inter-State supply of goods or services or both through it by a person who is not eligible to make such inter-State supply; or

(iii) fails to furnish the correct details in the statement to be furnished under sub-section (4) of section 52 of any outward supply of goods effected through it by a person exempted from obtaining registration under this Act,

shall be liable to pay a penalty of ten thousand rupees, or an amount equivalent to the amount of tax involved had such supply been made by a registered person other than a person paying tax under section 10, whichever is higher.".

22. Amendment of section 132.—In section 132 of the of the principal Act, in sub-section (1),—

(a) clauses (g), (j) and (k) shall be omitted;

(b) in clause (*l*),—

(i) for the words, sign and letters "clauses (a) to (k)", the words, sign and letters "clauses (a) to (f) and clauses (h) and (i)" shall be substituted;

(ii) in clause (iii), for the words "any other offence", the words, sign and letter "an offence specified in clause (b)," shall be substituted; and

(iii) in clause (iv), the words, sign and letters "or clause (g) or clause (j)" shall be omitted.

23. Amendment of section 138.—In section 138 of the principal Act,—

(a) in sub-section (1), in the first proviso,—

(i) for clause (a), the following clause shall be substituted, namely:—

"(a) a person who has been allowed to compound once in respect of any of the offences specified in clauses (a) to (f), (h), (i) and (*l)* of sub-section 1 of Section 132;";

(ii) clause (b) shall be omitted;

(iii) for clause (c), the following clause shall be substituted, namely:—

"(c) a person who has been accused of committing an offence under clause (b) of sub-section (1) of section 132;";

(iv) clause (e) shall be omitted; and

